# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 13.12.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राज्य में बैलेट पेपर से होगा नगर निकाय चुनाव, मतदान केंद्रों के अनुरुप बैलेट बॉक्स कराए जा रहे उपलब्ध, राज्य निर्वाचन आयोग ने पर्याप्त ईवीएम उपलब्ध नहीं होने का दिया हवाला।**
2. **भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने रांची में की बैठक, कहा– एसआईआर के दौरान फर्जी मतदाताओं की पहचान में निभाएं अपनी जिम्मेदारी।**
3. **झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने दुमका में आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर में कहा– विधिक सेवाएँ लोगों के सशक्तिकरण का बन चुका है एक मजबूत माध्यम।**
4. **रांची एयरपोर्ट से उड़ानों में व्यवधान की स्थिति में यात्रियों की सहूलियत के लिए जिला प्रशासन ने उठाए कई कदम, मनमाना किराया वसूलने वाले होटल संचालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई।**
5. **रांची में आयोजित पहले भारत–नेपाल दिव्यांगजन टी–ट्वेंटी मैच में मेजबान टीम ने 88 रनों से दर्ज की शानदार जीत।**

****************

राज्य में आगामी नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर के आधार पर होगा। इसमें नगर निगम, नगर पर्षद और नगर पंचायत के विभिन्न पदों के लिए अलग–अलग रंग के बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। इस सिलसिले में मतदान केंद्रों के अनुरुप बैलेट बॉक्स की जरूरत का आकलन किया जा चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि पहले निकाय चुनाव ईवीएम के जरिए होता था, लेकिन पर्याप्त ईवीएम की अनुपलब्धता की वजह से इस बार बैलेट पेपर से चुनाव होगा।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने आज रांची में पार्टी द्वारा आयोजित सांगठिक बैठकों में हिस्सा लिया, जिसमें झारखंड में होने वाले एसआईआर में पार्टी के कार्यकर्ताओं की भूमिका समेत कई विषयों और मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि फर्जी मतदाताओं की पहचान में पार्टी कार्यकर्ताओं को विशेष रुप से कार्य करना होगा। उन्होंने डिजिटल जनगणना को लेकर भी अपनी बातें रखी।

****************

झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान आज दुमका में झालसा द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से न्यायपालिका समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का प्रयास कर रही है। लोक अदालत, विधिक सहायता और सुलह–समझौते जैसे मंच विवादों के समाधान के साथ–साथ सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएँ अब लोगों के सशक्तिकरण का माध्यम बन चुकी हैं।

****************

इधर, राज्य के सभी जिला व्यवहार न्यायालयों में झालसा के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह और समौझेते के आधार पर हजारों मामलों का निपटारा किया गया। लोहरदगा में आयोजित लोक अदालत में एक हजार दो सौ तीन मामलों का निपटारा तथा दस करोड़ रुपए की राजस्व वसूली हुई। जामताड़ा जिले में बनाए गए सात बेंच में चौदह हजार दो सौ पैंतालीस मामले और साहिबगंज में लगभग नौ हजार एक सौ मामले निपटाए गए। पाकुड़ समेत अन्य सभी जिला अदालतों में मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरी हुई।

****************

शिक्षा विभाग की ओर से राज्य के सरकारी विद्यालयों में चौबीस दिसंबर को विशेष अभिभावक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर आयोजित होनेवाले इस बैठक में सभी मंत्री और विधायक के साथ अन्य जनप्रतिनिधि अपने–अपने इलाकों में स्थित विद्यालयों में होनेवाले इस बैठक में शामिल होंगे। इस मौके पर स्कूली शिक्षा को बेहतर करने के लिए सुझाव लिए जाएंगे।

****************

रांची जिला प्रशासन ने उड़ानों में व्यवधान होने की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा तथा सहूलियत के लिए कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट होकर उड़ान भरने वाले विमानों के रद्द, विलंब तथा री–शिड्यूल होता है तो यात्रियों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो, इस बाबत यह कदम उठाया गया है। जिले के उपायुक्त ने बताया कि विमान परिचालन में विलंब की स्थिति में होटलों, लॉज तथा गेस्ट हाउस में रुकने वाले यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित होटल संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****************

गिरिडीह जिले का उसरी जलप्रपात इको पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज इस जलप्रपात के सौंदर्यीकरण तथा विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी पर्यटक स्थलों को विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

****************

खूंटी जिला के ग्रामीण इलाकों में बच्चों को स्कूलों से जोड़ने में पंचायत प्रतिनिधि अहम भूमिका निभा रहे हैं।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर रिम्स परिसर, रांची को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान आज भी जारी रहा। हालांकि, अतिक्रमण हटाने का कुछ लोगों ने विरोध भी किया। इस मौके पर दंडाधिकारी के रुप में तैनात असीम बाड़ा ने कहा कि अंचल अधिकारी द्वारा मापी कराई गई जमीन से ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

****************

खूंटी पुलिस ने अपहरण के एक मामले में जरियागढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। तोरपा के एस़डीपीओ मनीष टोप्पो ने बताया कि दो व्यक्तियों को अपहृत कर रोड़ो जंगल में छिपाकर रखे जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस की विशेष टीम ने यह कार्रवाई की।

****************

रांची में आयोजित पहले भारत–नेपाल दिव्यांगजन टी–ट्वेंटी मैच में मेजबान टीम ने 88 रनों से शानदार जीत दर्ज की। राजधानी के अनगड़ा स्थित अमिताभ चौधरी स्टडेयिम में खेले गए इस मैच में टॉस जीतने के बाद भारतीय दिव्यांगजन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में चार विकेट खोकर एक सौ पैंसठ रन बनाए। वहीं इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की पूरी टीम सतहत्तर रनों पर सिमट गई. मैच के दौरान पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर और जेएससीए के सौरभ तिवारी मौजूद थे।

****************

राजस्थान के झुंझनु में 15 दिसंबर से शुरु होने वाले राष्ट्रीय जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की अंडर–18 पुरुष तथा महिला टीम आज रवाना हुई। इस टीम में तीस खिलाड़ी शामिल हैं।

****************